भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2791

उत्तर देने की तारीख 5 दिसम्बर, 2019

14 अग्रहायण, 1941 (शक)

खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं

2791. श्री संजय जाधवः

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकरः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए युवाओं को तैयार करने के लिए युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु देश के सभी राज्यों में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक, प्रशिक्षकों की नियुक्ति और अन्य आधुनिक सुविधाओं जैसी खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या राष्ट्रीय स्तर के खेलों की तैयारी के लिए महाराष्ट्र के मराठवाड़ा जिले के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर की सभी सुविधाएं मिल रही हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्रों के सभी प्रशिक्षण केन्द्रों में उच्च स्तर के प्रशिक्षकों की नियुक्ति और अन्य आधुनिक सुविधाओं जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा गत तीन वर्षों के दौरान इस प्रयोजन हेतु व्यय की गई राशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ङ) : "खेल" राज्य का विषय होने के कारण राज्य और जिला स्तर पर प्रशिक्षण सुविधाओं और प्रशिक्षण सहित खेलों के संवर्धन और विकास का उत्तरदायित्व राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों का होता है । केन्द्र सरकार खेल अवसंरचना में कमियों को दूर करने के अलावा खेलों के लिए प्रतिभावान युवाओं की पहचान के लिए, खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और

प्रतियोगिताओं में उनकी प्रतिभागिता के लिए सहायता प्रदान करके राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र सरकारों के प्रयासों की पूर्ति करती है । इस मंत्रालय द्वारा संचालित प्रशिक्षण सुविधाओं तथा इनमें पंजीकृत प्रशिक्षुओं की संख्या अनुबंध-I में दी गई है । प्रशिक्षण सुविधाएं पूरे देश में सभी प्रतिभावान युवाओं के लिए उपलब्ध हैं ।

महाराष्ट्र के मराठवाडा क्षेत्र तथा दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र में इस मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही प्रशिक्षण सुविधाओं का ब्यौरा अनुबंध-II में दिया गया है । इस समय दादरा और नागर हवेली में इस मंत्रालय द्वारा कोई प्रशिक्षण सुविधा संचालित नहीं की जा रही है ।

****

अनुबंध-I

खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं के संबंध में श्री संजय जाधव और श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर, माननीय संसद सदस्यों, द्वारा दिनांक 05.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2791 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

विभिन्न खेल संवर्धन स्कीमों के तहत प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं का ब्यौरा

क्र.सं.	**स्कीम का नाम**	**केन्द्र का नाम**	**प्रशिक्षुओं की सं. (आवासीय)**	**प्रशिक्षुओं की सं. (गैर-आवासीय)**	**कुल**
1	साई राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र (एनसीओई)	21	1993	316	2309
2	साई प्रशिक्षण केन्द्र (एसटीसी)	69	4002	1236	5238
3	सेना बाल खेल कंपनी (एबीएससी)	28	1293	0	1293
4	एसटीसी के विस्तार केन्द्र	90	0	1829	1829
5	राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एनएसटीसी)				
i)	नियमित स्कूल	10	0	305	305
ii)	*देशज खेल और मार्शल आर्ट्स (आईजीएमए)*	10	0	128	128
iii)	अखाड़े	48	0	766	766
6	खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत प्रत्यायित साई अकादमियां	32	534	74	608
कुल		308	7822	4654	12476

****

अनुबंध-II

खेलों के लिए आधुनिक सुविधाएं के संबंध में श्री संजय जाधव और श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर, माननीय संसद सदस्यों, द्वारा दिनांक 05.12.2019 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2791 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध ।

महाराष्ट्र के मराठवाडा क्षेत्र तथा दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्र में प्रशिक्षण सुविधाओं का ब्यौरा

क्र.सं.	स्कीम का नाम	केन्द्र का नाम	प्रशिक्षुओं की सं.
1	राष्ट्रीय उत्कृष्टता केन्द्र (एनसीओई)	औरंगाबाद, मराठवाडा क्षेत्र, महाराष्ट्र	119
2	साई प्रशिक्षण केन्द्र (एसटीसी)/ विशेष क्षेत्र खेल (एसएजी) के विस्तार केन्द्र	सरकारी कॉलेज, दमन	17

****